>

Title: Need for central assistance in setting up of industries in Ankleshwar industrial area of Bharuch Parliamentary Constituency in Gujarat.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच): माननीय सभापति जी, केन्द्र सरकार की नीतियों एवं नीयत के कारण गुजरात में नये उद्योग स्थापित करने के कार्य में कई प्रकार की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। माननीय मुख्य मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के अथक प्रयासों एवं एनआरआई के सहयोग से गुजरात में अनेकों उद्योग स्थापित करने के प्रस्ताव आ रहे हैं, परन्तु केन्द्र सरकार उसमें कई प्रकार की बाधाएं डाल रही है। ऐसा देखा जाता है कि जिन राज्यों में विपक्ष की सरकार है, वहां केन्द्र सरकार प्रदूषण का बहाना लेकर नये उद्योगों को स्थापित करने में मुश्किलें खड़ी कर रही है। हम सांसद प्रदूषण के पूरी तरह से खिलाफ हैं। हमने कई बार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को चिट्ठी भी लिखी है, परन्तु कई राज्यों में औद्योगिक एकक ज्यादा प्रदूषण पैदा कर रहे हैं। उनको केन्द्र सरकार रोकने में असमर्थ है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने में भी केन्द्र सरकार पूरी तरह से निष्फल रही है। जिन औद्योगिक एककों में पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का ठीक-ठीक पालन हो रहा है, उन पर केन्द्र सरकार प्रतिबंध लगा रही है, जिनकी वजह से छोटे-छोटे औद्योगिक एककों को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। प्रदूषण फैलाने के बहाने उद्योग स्थापित करने की नयी मंजूरी नहीं देना, प्रदूषण के बहाने छोटे उद्योगों को परेशान करना ये देश के विकास एवं बेरोजगारी को दूर करने और उत्पादन बढ़ाने के कार्यों में सहायक न होकर बाधा डालने का काम केन्द्र सरकार कर रही है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा अनुरोध है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र भरुच के अंकलेश्वर औद्योगिक इलाकों में खास करके छोटे उद्योगों को प्रदूषण के बहाने परेशान नहीं किया जाये और नये छोटे-बड़े उद्योगों को स्थापित करने में केन्द्र सरकार सहयोग करे।

MR. CHAIRMAN: Shri Mahendrasinh Chauhan is associating with this matter.